**Udaya Public School, Ayodhya**
**First Term Examination 2023-24**
**Class X Subject: Hindi**

**Time: 3 Hours** **MM: 80**

**नोट: यह प्रश्न पत्र दो खण्डों मे विभक्त है। दोनों खंडों के सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।**

**खण्ड (क) वस्तुपरक प्रश्न**

**प्रश्न 1: निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए 1X5=5**

लोकतंत्र के मूलभूत तत्व को समझा नहीं गया है और इसलिए लोग समझते हैं कि सरकार सब कुछ कर देगी, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। लोगों मे अपनी पहल से जिम्मेदारी उठाने और निभाने का संस्कार विकसित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप देश की विशाल मानव-शक्ति अभी खर्राटे लेती पड़ी है और देश की पूँजी उपयोगी बनाने के बदले आज बोझ रूप बन बैठी है लेकिन उसे नींद से झक कोर कर जाग्रत करना है। किसी भी देश को महान बनाते हैं उसमें रहने वाले लोग, लेकिन अभी तक देश के नागरिक अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात से अथवा साफ सफाई की बात हो, जहाँ-तहाँ हम लोगों को गंदगी फैलाते और बेतरतीब ढंग से वाहन चलाते देख सकते हैं। फिर चाहते हैं कि सब कुछ सरकार ठीक कर दें। सरकार ने बहुत सारे कार्य किए हैं, इसे अस्वीकार हीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं खोली है, विशाल बाँध बनवाए हैं, फौलाद के कारखाने खोले है आदि-आदि। बहुत सारे काम सरकार के द्वारा हुए हैं, पर अभी तक करोड़ों लोगों को कार्य में प्रेरित नहीं किया जा सका है। वास्तव में होना तो यह चाहिए था कि लोग अपनी-अपनी सूझ-बूझ के साथ अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर खड़े हो और अपने पास जो कुछ साधन-सामग्री हो इसे लेकर कुछ करना शुरू कर दें और फिर सरकार उसमें आवश्यक मदद करे। उदाहरण के लिए, गाँव वाले बड़ी-बड़ी पंचवर्षीय योजनाएं नहीं समझ सक सकेंगे पर वे लोग यह जरूर समझ सकेंगे कि अपने गाँव में कहाँ कुँवा चाहिए, कहाँ सिचाई की जरूरत है, कहाँ पुल की आवश्यकता है? बाहर के लोग इन सब बातों से अनभिज्ञ होते हैं।

(1) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे अच्छी औषधि क्या है?

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

(i) स्वस्थ रखने के लिए रोना जरूरी है। (ii) स्वस्थ रखने के लिए खिलखिला कर हँसना जरूरी है।

(iii) स्वस्थ रखने के लिए क्रोध करना जरूरी है। (iv) स्वस्थ रखने के लिए लड़ना-झगड़ना जरूरी है।

(क) कथन (i) सही है। (ख) कथन (ii) सही है। (ग) कथन (iii) व (i) सही हैं। (घ) कथन (iii) व (iv) सही हैं।

(2) किसी देश की महानता निर्भर करती है -

(क)) वहाँ की सरकार पर (ख) वहाँ के निवासियों पर (ग) वहाँ के इतिहास पर (घ) वहाँ की पूँजी पर

(3) सरकार के कामों के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(क) वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ बनवाई हैं (ख) विशाल बाँध बनवाए है (ग) वाहन चालकों को सुधारा है (घ) फौलाद के कारखाने खोले हैं।

(4) सरकारी व्यवस्था में किस कमी की ओर लेखक ने संकेत दिया है?

(क) गाँव से जुड़ी समस्याओं के निदान में ग्रामीणों की भूमिका को नकारना (ख) योजनाएं ठीक से न बनाना

(ग) आधुनिक जानकारी का अभाव (घ) जमीन से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान न देना

(5) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A)- इस गद्यांश का उचित शीर्षक 'हँसी का महत्व' है।

कथन(R) - इस गद्यांश में हंसी के महत्व को बताया है।

(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 2: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x5=5**

बहुत घुटन बंद घरो में, खुली हवा तो आने दो,
संशय की खिड़कियाँ खोल, किरनों को मुस्काने दो।
ऊँचे-ऊँचे भवन उठ रहे, पर आंगन का नाम नहीं,
लौट न आए सूर्य, नया संदेशा लाने दे।

चमक-दमक, आपा-धापी है, पर जीवन का नाम नहीं।
हर माँ अपना राम जोहती, कटता क्यों बनवास नहीं,
मेहनत की सीता भी भूखी, रुकता क्यों उपवास नहीं।
बाबा की सूखी आँखों में चुभता, तिमिर, भागने दो।
हर उदास राखी गुहारती, भाई का वह प्यार कहाँ?
डरे-डरे रिश्ते भी कहते, अपनों का संसार कहाँ?
गुमसुम गलियों को मिलने दो, खुशबू तो बिखराने दो।

**(1)** सूर्य द्वार से लौट जाएगा-

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

(i) ऊँचे-ऊँचे भवन होने के कारण (ii) आँगन न होने के कारण (ii) बाहरी चमक दमक व दिखावे के कारण
(iv) बादल होने के कारण

(क) कथन (ii) व (iii) सही है। (ख) कथन (i), (ii) व (iv) सही है। (ग) कथन (ii) ,(iii), (iv) सही है। (घ) कथन (i), (ii) व (iii) सही है।

**(2)** आज रिश्तों के डरे-डरे होने के कारण आप क्या मानते हैं?

(क) अपनेपन की कमी के कारण (ख) आतंक व भय का माहौल होने के कारण (ग) भूख और बेकारी के कारण (घ) पर्यावरण प्रदूषण के कारण

**(3)** 'तिमिर' शब्द का अर्थ काव्य पंक्ति के सन्दर्भ में लिखिए-

(क) अकेलापन (ख) उदासी (ग) दुख (घ) बीमारी

**(4)** 'संशय की खिड़कियाँ खोल' में 'अलंकार है

(क) उपमा (ख) रूपक (ग ) यमक (घ) श्लेष

**(5)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

**कथन (A) आज किश्तों के डरे-डरे होने के कारण अपने पन की कमी है।**

**कारण (R) हमें अपने लोगों से मेलजोल बढ़ाना चाहिए, इससे रिश्तों में मिठास आती है।**

(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 3: निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के निर्देशानुसार उचित विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए-** **10**

(क) **वाक्य भेद पहचान कर उचित विकल्प चुनिए-**

(i) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया।

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) . अन्य वाक्य

(ii) **जैसे ही वर्षा बंद हुई, किसान खेतों में आ गए।**

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) अन्य वाक्य

(iii) स्कूल की घंटी बजी और प्रार्थना शरू हो गई।

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) अन्य वाक्य

(ख) **निम्न वाक्यों को निर्देशानुसार उत्तर विकल्प चुनकर उत्तर दीजिये-**

(i). एक चश्मे वाला है जिसका नाम के कैप्टन है।'

आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखित-

(क) एक चश्मे वाला है । ( संज्ञा उपवाक्य) (ख) जिसका नाम कैप्टन है। ( संज्ञा उपवाक्य)
(ग) एक चश्मे वाला है । ( विशेषण उपवाक्य) (घ) जिसका नाम कैप्टन है। ( विशेषण उपवाक्य)

(ii) उसने कहा हम सब बाजार जाएंगे।

आश्रित उपवाक्य छांटकर भेद लिखिए।

(क) उसने कहा (संज्ञा उपवाक्य) (ख) हम सेब बाजार जाएंगे (संज्ञा उपवाक्य )
(ग) उसने कहा (विशेषण उपवाक्य) (घ) कि हम सब बाजार जाएंगे (विशेषण उपवाक्य)

(iii) ज्यों ही घंटी बजी , छात्र घर चले गए।

आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए-

क) ज्यों ही घंटी बजी। (संज्ञा उपवाक्य) (ख) छात्र घर चले गए। (संज्ञा उपवाक्य)

(ग) ज्यों ही घंटी बजी ( क्रिया विशेषण उपवाक्य)) (घ) छात्र घर चले गए। (विशेषण उपवाक्य))

ग) निम्न वाक्यों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए

i) जब वह घर जाता है, सो जाता है।

प्रधान उपवाक्य छाँटिए।

(क) जब वह घर जाता है) (प्रधान उपवाक्य) (ख) सो जाता है | (प्रधान उपवाक्य)

(ग) जब वह घर जाता है। (उपप्रधान उपवाक्य) (घ) सो जाता है | (अन्य उपवाक्य)

ii) जिस छात्र की कमीज सफेद है, उसे यह कलम दे दो|

प्रधान उपवाक्य छाँटिए

(क) जिस छात्र की कमीज सफेद है (प्रधान) (ख) उसे यह कलम दे दो| । (प्रधान)

(ग) जिस छात्र की कमीज सफेद है। (उप प्रधान) (घ) उसे यह कलम दो। (उप प्रधान)

घ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये- **2**

(i). मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया।

सरल वाक्य में बदलिए।

(क) मूर्तिकार ने जब सुना तब उसका जवाब दिया। (ख) मूर्तिकार ने सुनकर जवाब दिया।

(ग) मूर्तिकार सुनता है , तभी जवाब देता है। (घ) मूर्तिकार ने जवाब दिया तब उसने सुना।

ii) माधुरी के पिता विद्यालय आए और प्रधानाचार्य से मिले। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(क) माधुरी के पिता आकर प्रधानाचार्य से मिले। (ख) माधुरी के पिता आएंगे और प्रधानाचार्य से मिलेंगे|

(ग) क्योंकि माधुरी के पिता को प्रधानाचार्य से मिलना था इसलिए विद्यालय आए। (घ) इसमें है कोई नहीं।

**प्रश्न 4: निम्न प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए- 10**

(क) वाक्य भेद पहचानकर उचित विकल्प चुतिर

i. अभिमन्यु ने कौरव सेनानियों से युद्ध किया।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमे से कोई नहीं

ii) दौड़ा न जाएगा।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमे से कोई नहीं

iii) चलो घूमने चला जाए।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमे से कोई नहीं

iv. आईये दौड़ा जाये।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमे से कोई नहीं

v. बाग़ छोड़कर नही उड़े।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमे से कोई नहीं

(ख) निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कर उचित विकल्प चुनिए|

(i) उन्होने उछलकर डोर पकड़ ली। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(क) उनसे उछलकर डोर पकड़ी जा रही है। (ख) उनके द्वारा उछल कर डोर पकड़ ली जाएगी।

(ग) उनके द्वारा उछलकर डोर पकड़ ली गई। (घ) इनमें है कोई नहीं।

(ii) चोट के कारण उससे चला नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(क) चोट के कारण वह चल नहीं पाता। (ख) चोट के कारण वह चल नहीं पाएगा।

(ग) चोट के कारण उससे चला नहीं जा रहा। (घ) चोट के कारण वह चल नहीं सकेगा।

(iii) मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबन्ध लिखा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(क) मैं समय की पाबंदी पर निबन्ध लिखूँगा। (ख) मैं समय की पाबंदी पर लिख रहा हूँ|

(ग) मैने समय की पाबंदी पर निबन्ध लिखा। (घ) मैने समय की पाबंदी पर निबन्ध लिखा होगा।

(iv) उसके द्वारा खाना खाया जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(क) वह खाना खाती है। (ख) उससे खाना खाया जाता है। (ग) उसने खाना खाया। (घ) वह खाना खा रही होगी।

v) उमेश हँसा | (भाववाच्य में बदलिए)

(क) उमेश हँस नहीं सका। (ख) उमेश से हँसा गया। (ग) उमेश से नहीं हँसा गया। (घ) उमेश से हँसा जाता है।

**प्रश्न 5: निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **5**

जीप क़स्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब उस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे, और अंत मे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर क़स्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। मस्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है करना तो देशभक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है।

दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुजरे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है। पहले मोटे फ्रेमवाला चौकोर चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है। हालदार साहब का कौतूहल और बढ़ा। वाह भई! क्या आइडिया है। मूर्ति कपड़े नहीं बदल सकती लेकिन चश्मा तो बदल ही सकती है।

i) जीप क्या छोड़कर आगे बढ़ गई?

(क) सड़क ख) स्टेशन (ग) चौराहा घ) कस्बा

ii) हालदार साहब किसके विषय में सोचते रहे है?

क) नेताजी के बारे में (ख) मूर्ति के बारे में (ग) चौराहे के बारे में (घ) कस्बे के बारे में

iii) हालदार साहब के अनुसार किस बात का अधिक महत्व है?

क) मूर्ति का ख) लेखक का (ग) भावना का घ) इनमें से किसी का नहीं

iv)आजकल क्या मजाक की चीज होती जा रही है?

(क) देशभक्ति (ख) बड़ो के प्रति आदर भाव (ग) मूर्तिकला (घ) ये सभी

v) नेता जी की मूर्ति पर दूसरी बार किस आकार का चश्मा था।

(क) मोटे फ्रेमवाला चौकोर (ख) गोल काले रंग का (ग) चौड़ा और ऊंचा (घ) तार के फ्रेम वाला गोल

**प्रश्न 6: गद्य पाठ पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **2**

क) बाल गोबिन भगत ने अपनी पुत्रवधू को पुत्र की मृत्यु पर शोक न मनाने के लिए क्यों कहा ?

i) वे सब कुछ भूल चुके थे ii) वे कबीर के भक्त ये

iii) वे मृत्यु को विरहिणी आत्मा और परमात्मा का मिलन मानते थे। iv) इनमें से कोई नहीं

ख) बाल गोबिन भगत के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

i) आडंबर से दूर रहकर ईश्वर भक्ति करने की ii) सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत करने की

iii) सामाजिक रूढ़ियों का विरोध करने की iv) उपरोक्त सभी बातो की

**प्रश्न 7:** निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **5**

**हमारे हरि हारिन की लकरी।**
**मन क्रम बचन नंद-नंदम उर, यह दृढ़ करि पकरी।**
**जगत-सोक्त स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।**
**सुनत जोग लागत है ऐसो, ज्यों करूई ककरी।**
**सु तौ व्याधि हमको ले जाए, देखी सुनी न करी ।**
**यह तो 'सूर' तिनहि ले सौंपो, जिनके मन चकरी।**

i) गोपियों ने श्री कृष्ण को किसके समान कहा है?

(क) हारिल पक्षी के समान (ख) व्याधि के समान (ग) हारिल पक्षी की लकड़ी के समान (घ) इनमें से कोई नहीं

ii) गोपियों को योग का संदेश कैसा लगता है?

(क) कड़वी ककड़ी के समान (ख) कड़वे करेले के समान (ग) व्याधि के समान (घ) इन तीनों के समान

iii) गोपियाँ किसे व्याधि मानती है?

(क) हारिल पक्षी को (ख) योग को (ग) मधुकर को (घ) श्री कृष्ण को

iv) गोपियों ने योग की शिक्षा किन लोगों को देने की बात कही है?

(क) श्री कृष्ण के भक्तों को (ख) स्थिर मन वालों को (ग) चंचल (अस्थिर) मन वालों को (घ) इनमें से कोई नहीं

v) काव्यांश की भाषा और कवि हैं-

(क) ब्रजभाषा - तुलसीदास (ख) अवधी-तुलसीदास (ग) खड़ी बोली- जयशंकर प्रसाद (घ) ब्रजभाषा-सूरदास

**प्रश्न 8: काव्य पाठ पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **2**

i) गोपियों के अनुसार उद्धव ने किस नदी में अपना पांव नहीं डुबोया है?

क) गंगा में (ख) प्रीति नदी में (ग) यमुना में (घ) गोदावरी में

ii) गोपियों ने स्वयं को किस प्रकार का बता रही है?

(क) मूर्ख और अज्ञानी (ख) अबला और भोली (ग) चतुर (घ) नासमझ

**खण्ड (ख) वर्णनात्मक प्रश्न**

**प्रश्न 9: गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) 'पानवाला एक हँसमुख स्वभाव का व्यक्ति था, उसके हृदय में संवेदना भी थी।' इस कथन के विषय में अपने विचार लिखिए।

(ख) पाठ के आधार पर बाल गोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) बच्चों द्वारा नेता जी की मूर्ति पर सरकड़े का चश्मा लगाना किस बात की ओर संकेत करता है?

(घ) "बाल गोबिन भगत की मृत्यु उनके सिद्धान्तों के अनुरूप ही हुई- स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 10: पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यशाली कहने में क्या व्यंग्य निहित हैं?

(ख) गोपियों ने श्री कृष्ण के प्रति अपने एकनिष्ठ प्रेम को किस उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया है?

(ग) उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरहाग्नि में घी का काम कैसे किया?

(घ) कृष्ण को 'हारिल की लकड़ी' कहने से गोपियों का क्या आशय है?

**प्रश्न 11:पूरक पाठ्य पुस्तक के पाठ पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 2X4=8**

(क) 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर भोलानाथ और उसके पिता के सम्बन्धों का विश्लेषण करते हुए पिता-पुत्र सम्बन्धों के महत्व पर प्रकाश डालिये।

(ख) 'माता का आँचल' पाठ में माता पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य प्रकट हुआ है , उससे बच्चे में किन जीवन मूल्यों का विकास होगा ?

(ग) बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं।

**लेखन-**

**प्रश्न 12: निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 5**

(क) श्रम का महत्व

संकेत

● तात्पर्य ● सफलता प्राप्ति का साधन एवं भविष्य निर्माण का आधार ● श्रम न करने के दुष्परिणाम ● निष्कर्ष

(ख) धरती का रक्षा कवच-ओजोन

संकेत बिंदु:

● ओजोन का अर्थ/ भूमिका ● ओजोन परत को नष्ट करने वाले कारक/तत्व ● रक्षा के उपाय ● निष्कर्ष

(ग) संयुक्त परिवार - आज की मांग

संकेत बिंदु:

● भूमिका ● परिवार के प्रकार ● संयुक्त परिवार के लाभ एवं एकल परिवार से तुलना ● निष्कर्ष

**प्रश्न 13: नगर विकास प्राधिकरण के सचिव को अपनी कालोनी में एक पार्क विकसित करने हेतु एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5**

**अथवा**

**अपने बड़े भाई को सेना में उच्च पद प्राप्त करने की बधाई देते हुए एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 14: निम्नलिखित तीन विषयों में से किन्हीं दो विषयों पर सन्देश लिखिए- 3x2= 6**

क) नववर्ष की बधाई देते हुए अपने चाचा जी को लगभग 60 शब्दों में एक संदेश लिखिए।

ख) 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर अपने हिन्दी शिक्षक के लिए एक भावपूर्ण संदेश लिखिए।

ग) राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ाने वाले 'सद्भावना दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए 60 शब्दों में एक संदेश लिखिए।